CALL@7235808541

An initiative of VISIONIAS INSPIRING INNOVATION
Galaxy
Achieve Your Goal

108वीं विज्ञान कांग्रेस

चर्चा में क्यों

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया।

108वीं विज्ञान कांग्रेस; थीम

- इस वर्ष का विषय है- महिला सशक्तिकरण के साथ सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी।
- इसके अंतर्गत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित शिक्षा और आर्थिक भागीदारी तक महिलाओं को समान पहुंच प्रदान करने के साथ अध्यापन, अनुसंधान और उद्योग जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जायेगा।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को दर्शाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रख्यात महिला वैज्ञानिकों के व्याख्यान होंगे।

108वीं विज्ञान कांग्रेस



- कृषक विज्ञान कांग्रेस जैव-अर्थव्यवस्था में सुधार और युवाओं को कृषि की ओर आकर्षित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।
- जनजातीय विज्ञान कांग्रेस का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ साथ स्वदेशी प्राचीन ज्ञान प्रणाली और पद्धतियों के वैज्ञानिक प्रदर्शन किया जायेगा।
- बच्चों में वैज्ञानिक रुचि और स्वभाव विकसित करने के लिए बाल विज्ञान कांग्रेस आयोजित की जायेगी।



भारतीय विज्ञान कांग्रेस; परिचय

- भारतीय विज्ञान कांग्रेस भारतीय वैज्ञानिकों की शीर्ष संस्था है।
- इसकी स्थापना सन् 1914 में हुई थी।
- प्रतिवर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में इसका सम्मेलन होता है। इसकी स्थापना का उद्देश्य भारत में विज्ञान को बढ़ावा देना है।